सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक : कु.सा. 7966/2020 दिनाङ्क 07 अगस्त, 2022

कार्यालय-ज्ञाप

अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ, के पत्रांक 935/सत्तर-3-2022 दिनांक 15 जुलाई, 2022 द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 'हर घर तिरंगा' तथा 'स्वतंत्रता सप्ताह' मनाये जाने सम्बन्धी निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा अधोलिखित कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे :-

1. बहुउद्देशीय भवन का नाम पं. चन्द्रशेखर आजाद बहुसंकाय भवनम् रखा जायेगा।
2. आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आगामी 04 नवम्बर, 2022 कालीदास जयन्ती समारोह उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के संयुक्त तत्त्वावधान में मनाया जायेगा। उक्त के अन्तर्गत राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन एवं विश्वविद्यालय परिसर स्थित नाट्यशाला में कालीदास जी के नाटकों का मंचन कराया जायेगा।
3. विश्वविद्यालय की स्थापना दिवस चैत्य शुक्ल द्वितीया दिनांक 27 मार्च, 2023 को आजादी के अमृत महोत्सव के थीम पर त्रिदिवसीय राष्ट्र संगोष्ठी/अन्तर्राष्टीय संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा।
4. विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं/विद्यार्थियों को स्वतन्त्रता आन्दोलन तथा गुमनाम नायकों से सम्बन्धित शोध कार्य के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।
5. स्वतन्त्रता संग्राम से सम्बन्धित लोकगीतों, लोकगाथाओं व परम्पराओं पर शोध कार्य कराये जायेंगे।
6. संस्कृति विभाग अनुदान प्राप्त कर सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी स्थित मुख्य भवन में गौरव गैलरी स्थापना की जायेगी।
7. आजादी के अमृत महोत्सव के थीम पर विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा।
8. 'हर घर तिरंगा' अभियान को 'लहरायेगा तिरंगा' स्लोगन से जोड़ा जायेगा।
9. दिनांक 13 अगस्त, 2022 को पूर्वाह्न 10:30 बजे एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. के कैडेटों द्वारा प्रभात फेरी निकाली जायेगी।
10. दिनांक 11 अगस्त, 2022 को प्रो. सुधाकर मिश्र, संकायाध्यक्ष, दर्शन संकाय के संयोजकत्व में स्लोगन एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।
11. विश्वविद्यालय के अध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारीगण अपने-अपने आवासों पर स्लोगन लायेंगे।
12. दिनांक 11 से 18 अगस्त, 2022 तक विश्वविद्यालय में 'संस्कृत सप्ताह' अधोलिखित विवरणानुसार मनाया जायेगा।

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के आचार्यों की स्वतन्त्रता संग्राम में भूमिका-

1. दिनांक : 12.08.2022 को श्रमण विद्या संकायध्यक्ष, प्रो. रमेश प्रसाद - संयोजक
2. दिनांक : 13.08.2022 को दर्शन संकायध्यक्ष, प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी - संयोजक
3. दिनांक : 14.08.2022 को छात्रकल्याण संकायध्यक्ष, प्रो. हरिशंकर पाण्डेय - संयोजक
4. दिनांक : 15.08.2022 स्वतन्त्रता दिवस कार्यक्रम माननीय कुलपति जी द्वारा

5. दिनांक : 16.08.2022 को आधुनिक ज्ञानविज्ञान संकायाध्यक्ष, प्रो॰ हीरककान्ति चक्रवर्ती - संयोजक

6. दिनांक : 17.08.2022 को साहित्य संस्कृति संकायाध्यक्ष, डॉ॰ विजय कुमार पाण्डेय - संयोजक

7. दिनांक : 18.08.2022 को वेदवेदांग संकायाध्यक्ष, प्रो॰ महेन्द्र पाण्डेय - संयोजक

व्याख्यान हेतु आमंत्रित विद्वानों को मानदेय रू॰ 1100/- एवं मार्ग व्यय हेतु रू॰ 500/- संयोजक के माध्यम से देय होगा। उक्त आयोजन में प्रत्येक संयोजक रू॰ 5000/- व्यय कर सकेंगे। स्लोगन एवं निबन्ध प्रतियोगिता में रू॰ 500, रू॰ 300, रू॰ 200 की धनराशि क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को पुरस्कार के रूप में देय होगी।

इस पर कुलपति महोदय की स्वीकृति प्राप्त है।

सहायक कुलसचिव (प्रशासन)
सं॰सं॰वि॰वि॰, वाराणसी

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. प्रो॰ हरिप्रसाद अधिकारी, समन्वयक, आजादी का अमृत महोत्सव।
3. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
4. छात्रकल्याण संकायाध्यक्ष।
5. पुस्तकाध्यक्ष।
6. निदेशक, अनुसंधान संस्थान/प्रकाशन संस्थान।
7. डॉ॰ नीलम गुप्ता, प्राचार्य, राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, वाराणसी
8. समस्त प्रतिपालक, छात्रावास।
9. परीक्षा नियंत्रक।
10. विनयाधिकारी।
11. डॉ॰ दिनेश गर्ग, सह-समन्वयक, एन॰एस॰एस॰ को उपरोक्तानुसार कार्यक्रम अयोजनार्थ।
12. डॉ॰ सत्येन्द्र कुमार यादव, एन॰सी॰सी॰ अधिकारी को उपरोक्तानुसार कार्यक्रम अयोजनार्थ।
13. प्रभारी, निर्माण/परीक्षा नियंत्रक।
14. आशुलिपिक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
15. अधीक्षक (प्रशासन/लेखा)।
16. लेखानुभाग को उपरोक्तानुसार कार्यवाही हेतु।
17. जनसम्पर्क अधिकारी।
18. प्रभारी, सम्पत्ति विभाग को छायाचित्र, माला आदि की व्यवस्था हेतु।
19. निर्माण विभाग को आवश्यक व्यवस्था हेतु।
20. सुरक्षा अधिकारी/उद्यान अधीक्षक।
21. समस्त विभागानुभाग/शैक्षिक विभाग।
22. समस्त सूचना पट्ट।
23. सम्बद्ध पत्रावली।

सहायक कुलसचिव (प्रशासन)
सं॰सं॰वि॰वि॰, वाराणसी